# प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 27/1/2026

आसावरा - श्री विश्वकर्मा जांगिड ब्राह्मण धर्मशाला के परिसर में न्यू जांगिड ~~विश्व~~ ब्राह्मण विकास समिति तथा श्री हनुमान जी एवं श्री विश्वकर्मा ~~ट्रस्ट~~ मन्दिर ट्रस्ट आसावरा की नयी कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को श्रीमान् परसराम जी सुथार, नारायणपुरा समाजसेवी द्वारा हमारे आराध्यदेव भगवान श्री विश्वकर्मा जी को साक्षी मानकर शपथ ~~एवं~~ दिलायी गई।

उदयपुर, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, प्रतापगढ़, नीमच मन्दसौर एवं भीलवाड़ा जिले के जांगिड ब्राह्मण समाज के विभिन्न चौखलो से प्रतिनिधी एवं ~~प्रबुद्ध~~ प्रबुद्धजन का सामाजिक सम्मेलन आयोजित हुआ इसमें समाज के ~~बदलाव हेतु~~ व नियमो में आंशिक बदलाव हेतु निम्नलिखित निर्णयो पर विचार विमर्श सर्वसम्मति से हुआ जो इस प्रकार है।

1. चिडी दस्तूर में 2 तोला सोना एवं 500 ग्राम चांदी की रकम ही चढाई जायेगी
2. मांगलिक कार्यक्रम एवं शादी में डी जे, एवं केक बंद रहेगा
3. मायरा प्रथा में दादेरा, नानेरा एव ससुराल पक्ष का ही मान्य होगा, लिफाफा मान्य होगा
4. मायरा में बहन द्वारा रिटर्न गिफ्ट नहीं ली जावेगी
5. सगाई एवं शादी विच्छेद होने पर सीधे कानूनी कार्यवाही न कर के समाज के प्रबुद्धजनो के समक्ष वार्ता की जावे एवं समाधान किया जावें। जिन्होने कानूनी कार्यवाही कर रखी है वो अपना केस उठा लेवें
6. शादी में प्री वेडिंग नहीं की जायेगी
7. शादी के पूर्व यज्ञोपवीत संस्कार किया जावे
8. ~~मृत्यु भोज~~ अंतिम इच्छा अनुसार गंगोज ~~व~~ प्रसादी मे एक मीठाई रखी जावें, एवं जागरण पर नशे सम्बन्धी कोई चीज वितरण नही की जावेगी, इस उपलक्ष्य मे किसी भी
9. प्रकार के बर्तन, वस्त्र, नही दिया जायगा
10. दूल्हा शादी में अपनी दाढी बढाकर शादी करने नही जायेगा
11. समाज के युवक युवतियां गैर समाज मे शादी नहीं करेगी

उक्त नियमो को लागू करने के लिए अपने अपने चौखलो से विचार विमर्श का अनुमोदन किया जावें

आसावरा चोखले मे आज दिनांक 27/1/2026 से अन्न नियम लागू कर दिये गये है। शेष चोखलो मे अनुमोदन करवानी।